अमर उजाला 03/11/2023

# विद्यार्थियों को दी रिज्यूम राइटिंग स्किल की जानकारी

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**अंबाला।** अंबाला छावनी के जीएमएन कॉलेज के प्रबंधन विभाग और वाणिज्य विभाग ने एक निजी कंपनी के साथ मिलकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। जिसमें कम्युनिकेशन स्किल एंड रिज्यूम राइटिंग पर लेक्चर दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सॉफ्ट स्किल्स ट्रेनर शीतल रही। इसके अलावा

**कार्यशाला में भाग लेते विद्यार्थी।** संवाद

महक ने भी विद्यार्थियों को कम्युनिकेशन स्किल्स की खूबियां बताई। कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने भी विद्यार्थियों के साथ इस विषय पर अपनी जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि रिज्यूम राइटिंग स्किल के ज्ञान से अच्छी कंपनी में जगह हासिल की जा सकती है। बीबीए विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. रवनीत कौर ने मुख्य वक्ता का स्वागत किया और बच्चों को इस टॉपिक पर विचार विमर्श करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में डॉ. अमिता और प्रो. रमनीत कौर भी मौजूद रहीं।